भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली–110 001
Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 001

फा.सं. रा.भा. 10(1)/2018-हिन्दी दिनांक २० अगस्त, 2019

# परिपत्र

**विषय:- हिन्दी दिवस/ सप्ताह/ पखवाड़ा/ माह-2019 के आयोजन करने के संबंध में।**

कृपया राजभाषा विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं. 1/14034/2/87-रा.भा. (क-1), दिनांक 21.04.1987 का अवलोकन करें जो हिन्दी दिवस /सप्ताह / पखवाड़े के आयोजन के संबंध में है । यह सर्वविदित है कि राष्ट्र के नव -निर्माण में हिन्दी की महती भूमिका रही है। आजादी के बाद 14 सितंबर, 1949 को जब संविधान सभा ने हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया, तो इसका संवैधानिक व प्रशासनिक उत्तरदायित्व और अधिक बढ़ गया। इस दिवस की स्मृति में भारत सरकार द्वारा प्रति वर्ष 14 सितंबर को "हिन्दी दिवस " के रूप में मनाया जाता है।

उपर्युक्त के आलोक में, परिषद के अधीनस्थ सभी संस्थानों से अनुरोध है कि राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए एक उत्साहवर्धक वातावरण सृजित करने हेतु हिन्दी दिवस/ सप्ताह/ पखवाड़ा/ माह -2019 का आयोजन किया जाए। यह आयोजन संस्थान में उपलब्ध वित्तीय संसाधनों को ध्यान में रखते हुए और इस दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में दी जाने वाली पुरस्कार राशि को सम्मानजनक बनाते हुए किया जाए। इन कार्यक्रमों की अवधि इस प्रकार रखी जाए कि "हिन्दी दिवस" (14 सितंबर ) इसमें शामिल हो । इस दौरान ऐसे आयोजन किए जाएं जो अधिकारियों और कर्मचारियों को हिन्दी भाषा के प्रयोग के लिए सक्षम बनाए। इस अवसर पर सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, भाकृअप द्वारा एक अपील तथा माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री महोदय का एक प्रेरणाप्रद संदेश पोस्टर के रूप में भी अलग से जारी किया जा रहा है।

सीमा चोपड़ा
(सीमा चोपड़ा) २०.8.19
निदेशक (राजभाषा)

वितरण : 1. भा.कृ.अ.प. के अधीनस्थ सभी संस्थानों/निदेशालयों/ब्यूरो/केन्द्रों के निदेशक
2. गार्ड फाइल